# 16. लालू और पीलू

0117CH16

एक मुर्गी थी। मुर्गी के दो चूज़े थे।

एक का नाम था लालू। दूसरे का नाम था पीलू।

लालू लाल चीज़ें खाता था।

पीलू पीली चीज़ें खाता था।

एक दिन लालू ने एक पौधे पर कुछ लाल-लाल देखा।


लालू ने उसे खा लिया।

अरे, यह तो लाल मिर्च थी!

© NCERT not to be republished



लालू की जीभ जलने लगी। वह रोने लगा।
मुर्गी दौड़ी हुई आई। पीलू भी भागा। वह पीले–पीले गुड़ का टुकड़ा ले आया।



© NCERT not to be republished

लालू ने झट गुड़ खाया। उसके मुँह की जलन ठीक हो गई।
मुर्गी ने लालू और पीलू को लिपटा लिया।







## क्या होता?

अगर लालू और पीलू को सफ़ेद और हरी चीज़ें पसंद होतीं तो क्या उनके नाम अलग-अलग होते?

...............................

फिर वे क्या-क्या खाते?



............................... ...............................

............................... ...............................

............................... ...............................

............................... ...............................

© NCERT not to be republished

लाल मिर्च खाते ही लालू की जीभ जल गई। तुम्हारी जीभ क्या-क्या खाने-पीने से जलती है?

............................... ...............................

............................... ...............................

जीभ जलने पर तुम क्या करते हो?

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................